प्रभास कुमार झा
सचिव
Prabhas Kumar Jha
SECRETARY
Tel. : 23438266 Telefax : 23438267
E-mail : secy-ol@nic.in

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय
तृतीय तल, एन.डी.सी.सी.-II भवन,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001

GOVERNMENT OF INDIA
DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
3rd FLOOR, N.D.C.C.II BUILDING,
JAI SINGH ROAD, NEW DELHI-110001

अ0शा0पत्र संख्या 15/42/2013-रा0भा0(सेवा)

दिनांक: 28 मार्च, 2017

प्रिय सचिव जी,

मैं आपका ध्यान राजभाषा विभाग के दिनांक 19.10.2016 के समसख्यंक अ.शा. पत्र (प्रति संलग्न) की ओर आकर्षित करना चाहूंगा, जिसमें व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय के दिनांक 24.11.2008 के कार्यालय ज्ञापन सं0 1/1/2008-आइसी का उल्लेख करते हुए अनुरोध किया गया है कि भारत सरकार के अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा के पदों का पदनाम एवं वेतनमान वही होगा जोकि केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग का है।

अवगत कराना है कि केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के पद नाम व वेतनमान की साम्यता संबंधी वित्त मंत्रालय के वर्ष 2008 के आदेश व राजभाषा विभाग के तत्कालीन सचिव (राभा) के दिनांक 19.10.2016 के अ.शा. पत्र का तात्पर्य यह है कि अधीनस्थ कार्यालयों के भर्ती नियम (शैक्षणिक योग्यता आदि) भी केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के समान होने चाहिए।

सादर,

अनुलग्नक : यथोपरि ।

शुभेच्छु,
ह0/-
(प्रभास कुमार झा)

सेवा में
भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव ।

प्रतिलिपि: वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन आई सी- कृपया इसे राजभाषा विभाग की वेबवाइट पर अपलोड करने की व्यवस्था करें ।

(प्रभास कुमार झा)

स्पीड पोस्ट

अनूप कुमार श्रीवास्तव
सचिव
Anoop Kumar Srivastava
SECRETARY
Tel. : 23438266 Telefax : 23438267
E-mail : secy-ol@nic.in

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय
तृतीय तल, एन.डी.सी.सी.-II भवन,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001

GOVERNMENT OF INDIA
DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
3rd FLOOR, N.D.C.C.-II BUILDING,
JAI SINGH ROAD, NEW DELHI-110001

९५

अर्ध शासकीय पत्र सं. 15/42/2013-रा.भा.(सेवा)

दिनांक: 19 अक्तूबर, 2016

25 OCT 2016

प्रिय सचिव जी,

राजभाषा विभाग द्वारा पूर्व में जारी किये गये अर्ध शासकीय पत्र सं. 15/42/2013-रा.भा.(सेवा) दिनांक 02.05.2013 तथा निदेशक (रा.भा.) द्वारा दिनांक 04.06.2013 को जारी समसंख्यक शुद्धि पत्र (प्रतिलिपि संलग्न) का संज्ञान लें। आपको विदित होगा कि व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय ने अपने कार्यालय ज्ञापन सं. 1/1/2008-आईसी, दिनांक 24 नवम्बर, 2008 (प्रतिलिपि संलग्न) द्वारा यह आदेश किया था कि भारत सरकार के अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा के पदों का पदनाम एवं वेतनमान वही होगा जो कि केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग का है। राजभाषा विभाग के संज्ञान में यह लाया गया है कि व्यय विभाग का आदेश अभी तक सभी अधीनस्थ कार्यालयों में लागू नहीं हुआ है, जिससे कि वहां कार्यरत राजभाषा अधिकारियों में असंतोष व्याप्त है।

2. मैं आपका अति आभारी हूंगा यदि आप अपने मंत्रालय/विभाग के अधीन सभी अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा अधिकारियों के पदनाम तथा वेतनमान को केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा संवर्ग के पदनाम तथा वेतनमान के समान करने के व्यय विभाग के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करेंगे तथा इस संबंध में की गई कार्रवाई से राजभाषा विभाग को शीघ्र अवगत कराने का कष्ट करेंगे।

सादर,

आपका

अनूप

(अनूप कुमार श्रीवास्तव)

जारी ISSUED
25 OCT 2016
/Intls.......